तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 पिथौरा क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री जोरों पर...



14 जगदीशपुर में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया



## खबर संक्षेप

### 30 लीटर शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम केंवटापाली में बसना पुलिस एक आरोपी के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। मामले आरोपी को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम केंवटापाली के बिजेंद्र कुमार जांगड़े अपने घर की बाड़ी में बिक्री के लिए अवैध शराब छुपाकर रखा है। मौके पर पहुंची पुलिस को आरोपी अपने घर बाड़ी में अवैध शराब बिक्री करते हुए मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम बिजेंद्र कुमार जांगड़े पिता स्व शिवनारायण जांगड़े (38 वर्ष) केंवटापाली चौकी भंवरपुर थाना बसना जिला महासमुंद होना बताया। आरोपी के कब्जे से कुल 30 लीटर कीमत 6000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### बाइक की डिग्गी से 35 हजार की चोरी

**महासमुंद।** छुईपाली के मेडिकल स्टोर्स के पास एक बाइक की डिग्गी में रखे 35 हजार रुपए किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिए। मामले की रिपोर्ट पर सिंघोड़ा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी कौशल चिरकिया निवासी लखनपुर ने बताया कि 23 दिसंबर को वह अपनी दादी निरवासी चिरकिया के साथ जिला सहकारी बैंक सरायपाली गया था और बैंक से 35000 रुपए निकालकर कपड़े के थैले में दो पासबुक, दो आधार कार्ड, एक कीपैड मोबाईल, जमीन का पट्टा और 35000 रुपए को रखकर बाइकको डिग्गी में डालकर वापस लखनपुर वापस आ रहे थे। इसी बीच दवाई लेने के लिए छुईपाली के श्याम मेडिकल के पास रूके। दवाई लेकर वापस आये और सिंघोड़ा ग्रामीण बैंक आकर देखने पर डिग्गी में रखा उक्त सामान व रकम का थैला नहीं था। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### प्राक्चयन परीक्षा 28 को रायपुर में

**महासमुंद।** वर्ष 2025-26 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019 के भाग (।) के अंतर्गत अभ्यर्थियों के चयन के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आवेदन परीक्षण के उपरांत अभ्यर्थियों की प्राक्चयन परीक्षा रविवार 28 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक जिला रायपुर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने जानकारी दी है कि उक्त प्राक्चयन परीक्षा के लिए जिन अभ्यर्थियों को अभिलेखों के अभाव में अपात्र घोषित किया गया था, उन्हें प्रावधिक रूप से परीक्षा में शामिल होने की अनुमति प्रदान की गई है।

# मुख्यमंत्री ने वर्चुअली किया अटल परिसर को जनता को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ के निर्माण के शिल्पी और आधुनिक भारत के मार्गदर्शक, पूर्व प्रधानमंत्री स्वअटल बिहारी वाजपेयी की जयंती उत्साह और संकल्प के साथ मनाई गई। इस गौरवशाली अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला मुख्यालय के कचहरी चौक स्थित नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। लोकार्पण पश्चात वर्चुअल उद्बोधन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अटल परिसर केवल एक भवन नहीं, बल्कि श्रद्धेय अटल के सुशासन, सेवा और राष्ट्र निर्माण के विजन का प्रतीक है। उन्होंने कहा, अटल का जीवन हमें समावेशी विकास की प्रेरणा देता है। यह परिसर नगरीय निकायों में सार्वजनिक गतिविधियों, सांस्कृतिक आयोजनों और नागरिक सुविधाओं के लिए एक सुव्यवस्थित और आधुनिक केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार अटल जी के सपनों का छत्तीसगढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचे। तहसील कार्यालय के समीप स्थित नवनिर्मित अटल परिसर में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को स्थानीय सांसद एवं विधायक ने भी संबोधित किया।

## नपाध्यक्ष ने कहा: जय विज्ञान की ओर पालिका के बढ़ते कदम

### डिजिटल जिले की ओर बढ़ते कदम

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने बताया कि अटल जी के जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के नारे को साकार करते हुए नगर पालिका ने क्यूआर कोड के माध्यम से टैक्स भुगतान की सुविधा शुरू की है। इससे अब शहरवासियों को डिजिटल सेवाओं का लाभ मिलेगा और पारदर्शिता बढ़ेगी।






### कार्यक्रम की मुख्य झलकियां और उपस्थिति

अटल परिसर का वातावरण उत्सव जैसा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने अटल के जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के नारे को दोहराया। इस समारोह में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, एसडीएम अक्षा गुप्ता एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

**कार्रवाई:** हिंदूवादी संगठन के कुछ बड़े नेता करते रहे छुड़ाने के लिए मशक्कत

# बिना वैध दस्तावेज मवेशियों की अवैध तस्करी पकड़ाई, बिना कार्रवाई छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बिक्री के लिए मवेशियों की तस्करी करते हुए गौ सेवकों ने बुधवार रात एक वाहन को रंगे हाथ पकड़ा। इस मामले में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। गौतस्करी में लिप्त लोगों को हिंदूवादी संगठनों के ही कुछ स्थानीय बड़े नेता छुड़ाने में लगे रहे। वाहन भी कथित किसी संघीय पदाधिकारी की बताई जा रही है जिसे छुड़ाने के लिए गौ तस्करी को रंगे हाथ पकड़ने वालों पर ही कथित दबाव बनाया गया।

बता दें कि वाहन क्रमांक सीजी 04 एमएस 5557 को गौ सेवकों ने मवेशियों के साथ रात में परिवहन अवैध होने के बावजूद परिवहन करते पकड़ा और कोतवाली थाना के सुपुर्द किया। गौ सेवकों के अनुसार थाना में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की बजाय टालमटोल किया गया, और अंत तक मामला पंजीबद्ध नही हुआ। देर रात गौवंशों को मां गायत्री गौशाला में छोड़ा गया और रात भर वाहन पुलिस के कब्जे में रहा। सूत्रों के अनुसार जो वाहन पकड़ा गया था उसका संबंध किसी संघ के पदाधिकारी से होने के चलते हिंदूवादी संगठन के नेताओं ने गौ सेवकों पर वाहन को छुड़ाने का कथित दबाव बनाया गया। जिसके चलते बाद में मवेशियों सहित वाहन को बिना कार्रवाई छोड़ दिया गया, जबकि मवेशियों को ले जाने के संबंध में संबंधितों के पास कोई वैध दस्तावेज भी नही पाए गए थे।





### कार्यकर्ताओं के सामने कई हुए बेनकाब

दबाव बनाने वाले बड़े नेता गुरुवार को उन कार्यकर्ताओं के सामने बेनकाब हुए। जो, गौ रक्षा का संकल्प तो लेते हैं लेकिन, रायपुर धर्म जागरण और कुछ स्थानीय संघ के नेताओं ने कार्यकर्ताओं को वाहन छुड़ाने और मवेशियों को गौशाला से वापस लाने तक का दबाव कार्यकर्ताओं पर बनाया गया और तो और उन्हें छुड़ाने और मवेशियों को वापस दिलाने तक का दबाव बनाया गया।

### सत्तारुढ़ दल की नहीं मिली मदद

गौ सेवकों की मानें तो बुधवार देर रात तक मामले को लेकर उन्होंने काफी लोगों से संपर्क किया कि मामले में कार्रवाई हो। लेकिन, सत्तारुढ़ दल के किसी भी नेता अथवा पदाधिकारी से कोई मदद नहीं मिली। और तो और बाद में उन्हें वाहन और मवेशियों को छुड़ाने तक में मजबूरन मदद करनी पड़ी।

# पहले दिन की अव्यवस्था और खामियों को समापन के दिन किया गया सुधार



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- सांसद खेल महोत्सव : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल संवाद कर खिलाड़ियों को दिया सन्देश

लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में पहले दिन फैली अव्यवस्था और भोजन के लिए खिलाड़ियों द्वारा नारेबाजी करने के बाद भोजन मिलने की घटना से जहां सत्तारुढ़ दल की किरकिरी हुई वहीं दूसरे दिन व्यवस्था में सुधार देखने को मिला। वन खेल परिसर में आयोजित महोत्सव का गुरुवार 11 बजे समापन हुआ। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े और खिलाड़ियों से संवाद करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

सुबह पाली के कार्यक्रम में सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक संपत अग्रवाल, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, चंद्रहास चंद्राकर, नेहरू निषाद, निरंजन सिन्हा, संदीप शर्मा, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में नेहरू निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में पूरे देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव तीन स्तरों पर आयोजित हो रहा है, जिसमें ग्राम और शहरों से अनेक प्रतिभाएं उभरकर सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

# बाइक सवारों से 20 किलो गांजा जब्त, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

दो बाइक से गांजा का अवैध परिवहन कर रहे 4 लोगों को सांकरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस दौरान 20 किलो गांजा बरामद कर आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस ने 25 दिसंबर को गांजा के अवैध परिवहन की सूचना मिलने के बाद एनएच 53 रोड गुरु घासी दास चौक सांकरा जाकर नाकाबंदी किया। कुछ समय पश्चात 5 बजे दो मोटर सायकल जिसमें से एक मोटर सायकल एमपी पासिंग नंबर वाला था, में चार व्यक्ति आये, जिसे हाथ से रूकने के लिये इशारा किया, लेकिन पुलिस को देखकर वे मोटर सायकल को पीछे मोड़कर भागने की कोशिश करने लगे, जिन्हें दौड़ाकर पकड़ा गया, पूछताछ करने पर बाइक पल्सर क्र. एमपी 50 जेडजी 1803 के चालक ने अपना नाम पुसु लाल पिता गरम लाल ठकरैले (32 साल) लामताखुर सोडा थाना लामता जिला बालाघाट मप्र तथा पीछे प्लास्टिक बोरी लेकर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम विजय पिता किशन लाल डहारे (27 साल) सोनखार थाना चांगोटोला जिला बालाघाट मप्र का रहने वाले बताया।



इसी तरह बाइक टीवीएस सोल्ड के चालक ने अपना नाम विनोद पिता झूमक लाल बिसेन (37 साल) चांगोटोला थाना चांगोटोला जिला बालाघाट मप्र और पीछे थैला लेकर बैठा व्यक्ति ने अपना नाम हरिराम पिता भोजलाल ठकरैले (23 साल) लामताखुर सोडा थाना लामता जिला बालाघाट मप्र बताया। बोरी से 15 किलो और थैले से 5 किलो गांजा बरामद किया गया। सांकरा पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपियों के संयुक्त कब्जे से कुल 20 किलो गांजा कीमत 2 लाख रुपए के अलावा दो मोटर साइकिल, मोबाइल बरामद किया। मामले में आपियों के विरूद्ध धारा 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# सरायपाली में विराट हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन, बड़ी संख्या में पहुंचे सनातनी






हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

नगर के अग्रकुंज थाना रोड पर सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता को सशक्त करने के उद्देश्य को लेकर विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सर्व हिंदू समाज मंडल के तत्वावधान में किया गया। सम्मेलन को लेकर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में खासा उत्साह देखा गया। सम्मेलन का शुभारंभ प्रातः 10 बजे हवन-पूजन के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सनातनी लोग शामिल हुए। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में ओमप्रकाश शर्मा सह प्रांत बौद्धिक प्रमुख छत्तीसगढ़ उपस्थित रहेंगे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी रविंद्र दास महाराज, संस्थापक स्वामी सुमेधानंद वैदिक गुरुकुल कटंगपाली सरायपाली एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कृष्ण राधिका सखी दीदी शामिल होंगी। आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य सनातन संस्कृति के मूल्यों का संरक्षण, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और हिंदू समाज को संगठित करना है। कार्यक्रम के समापन के बाद सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन एवं प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है।

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस का पर्व

# मसीही समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया यीशु का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खुशखबरी-खुशखबरी, आज प्रभु यीशु जन्मे हैं जैसे गीतों और प्रार्थनाओं के साथ नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में क्रिसमस का पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जा गया है। बुधवार और गुरुवार की मध्यरात्रि 12 बजने पर पूरा मसीही समाज यीशु के आगमन की खुशियों में सराबोर हो गया। शहर के तुमगाव रोड स्थित सेंट पीटर्स चर्च एवं पीटियाझर मार्ग स्थित चर्च में आतिशबाजी और घंटों की गूंज के साथ दिन का आगाज हुआ। नगर के चर्च में रात से ही रौनक बनी रही। नगर के मसीहीजन नए वस्त्र पहनकर अपने परिवारों के साथ गिरजाघरों में जुटने लगे रहे। रात 12 बजते ही हैप्पी क्रिसमस की गूंज होने लगी। प्रभु यीशु के जन्म की खुशी में गिरजाघरों में केक काटा गया और मोमबत्तियां जलाकर विश्व शांति व भाईचारे की प्रार्थना की गई। एक-दूसरे को गले लगकर दिन की बधाई देने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।






### विशेष आराधना और बाइबल पाठ

गुरुवार की सुबह भी गिरजाघरों में विशेष आराधना का आयोजन किया गया। पादरी द्वारा पवित्र बाइबल का पाठ किया गया और यीशु के जन्म की कथा सुनाई गई। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु का जन्म मानवता के उद्धार और प्रेम का संदेश फैलाने के लिए हुआ था। सामूहिक प्रार्थना में देश की तरक्की और आपसी सौहार्द की कामना की गई।

### नगर और आस पास के क्षेत्र में उत्सव का माहौल

नगर के साथ-साथ उपनगरीय क्षेत्रों और आस पास के क्षेत्र में भी क्रिसमस का उत्साह चरम पर रहा। स्थानीय चर्चों में मसीही समाज के लोग पहुंचकर झांकियां देखीं और यीशु के दर्शन किए। नगर के गिरजाघर में इस वर्ष विशेष सजावट की गई है। इसके साथ ही, चर्च और घरों में लगाए गए क्रिसमस स्टार और रंग-बिरंगी लाइटों की रोशनी से सजाया रहा। इस दौरान प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये रहे।

# पंडरीपानी गांव में चाचा-भतीजा के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम पंडरीपानी में चाचा-भतीजा के साथ कुछ लोगों के द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में सरायपाली थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी त्रिविक्रम सतपथी ने बताया कि उसके चाचा प्रकाश सतपथी तथा पिता परीक्षित सतपथी सगे भाई हैं। मेरे पिता व चाचा के नाम से ग्राम पंडरीपानी अमलीढोरी खार में पटवारी हल्का नंबर 03 में स्थित खसरा क्रमांक 270 रकबा 0.55 हे. स्थित है। उक्त जमीन का राजस्व से सीमांकन कराकर खसरा क्रमांक 270 में से कुछ जमीन को बिक्री किये हैं। वहीं खसरा क्रमांक 270 से लगा हुआ खसरा क्रमांक 273 है जिसमें खसरा क्रमांक 270 का 5 डिसमिल जमीन समाहित है। 5 डिसमिल जमीन भूमिस्वामी को कब्जा दिलाने हेतु राजस्व विभाग से अधिकारी-कर्मचारी मौके पर आये थे। इस दरान प्रार्थी, उसके चाचा प्रकाश व पिता परीक्षित उपस्थित थे। इस दौरान अनावेदकगण बोधराम पिता स्व. कीर्तन थुरिया (55 वर्ष), मोहन थुरिया स्व. कीर्तन थुरिया, पिंटू थुरिया पिता मोहन थुरिया (32 साल), सोनू थुरिया पिता मोहन थुरिया (25 साल) सभी ग्राम पंडरीपानी ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में पकड़े बांस के डंडे से मारपीट किया, जिससे प्रार्थी के सिर में तथा उसके चाचा प्रकाश सतपथी के भी सिर में चोट आई। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ बंद का शिवसेना ने किया समर्थन

**रायपुर।** कांकेर में धर्मांतरण को लेकर हुए बवाल का असर प्रदेशभर में देखा जा रहा है। इसी कड़ी में शिवसेना के पदाधिकारियों ने बुधवार को छत्तीसगढ़ बंद का समर्थन किया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव संजय नाग ने बताया कि स्टेशन से सुबह चार बजे से सभी शिवसैनिक बंद कराते हुए शहर के सभी मार्गों पर दुकानों को हाथ जोड़कर बंद करने की अपील की, शास्त्री मार्किट, पुरानी बस्ती बाजार लाखेनगर रोड होते जस्तंभ चौक, फूल चौक, गाड़ी चौक, शंकर नगर, सरोना, टाटीबंध चौक, मोहबाजार, राजकुमार कॉलेज होते शिवसेना कार्यालय में समापन हुआ। बंद कराने के दौरान संतोष शुक्ला, रेशम जांगड़े, संजय नाग, कृष्णा यादव, सूरज साहु, विजय नाग, नरेंद प्रजापति, राज महानंद, दीपक स्वामी आदि शामिल थे।

### पुरी शंकराचार्य महाराज का दर्शन कर लिया आशीर्वाद

**रायपुर।** सुदर्शन संस्थान रावांभाटा रायपुर में गुरुदेव जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी पुरी पीठाधीश्वर निश्चलानंद सरस्वती के दर्शन करने के लिए बुधवार को संकट मोचन वीर हनुमान मंदिर के महंत राजेश शर्मा अपने परिवार और शिष्यों के साथ शंकराचार्य महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# भाजपा सरकार के सुशासन के दावे खोखले : मानिक

## महासमुंद जिले में किसान आत्महत्या की कोशिश और धान खरीदी की घोर अव्यवस्था से अन्नदाता संकट में

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानिक साहू ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सुशासन का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति पूरी तरह उदासीन है। महासमुंद जिले में धान खरीदी की अव्यवस्था और टोकन नहीं मिलने की वजह से किसान मनबोध गाड़ा जैसे अन्नदाता आत्महत्या की कोशिश करने को मजबूर हो रहे हैं। यह सरकार की नाकामी का जीता-जागता प्रमाण है कि किसान अपनी फसल बेचने के लिए भी तरस रहे हैं।

साहू ने कहा कि एग्रीस्टैक पोर्टल में रकबा शून्य या कम दिखने, कैरी फॉरवर्ड और रकबा संसोधन की सुविधा समय पर नहीं खुलने से हजारों किसान धान बेचने से वंचित हो रहे हैं।



खरीदी लिमिट बहुत कम रखी गई है, जबकि परिवहन की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। खरीदी केंद्रों पर धान का जाम लगा हुआ है, जिससे खरीदी प्रक्रिया में भारी दिक्कतें आ रही हैं। किसान दिन-रात लाइन में लगे रहते हैं, लेकिन उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा। उन्होंने आगे कहा कि रबी फसल का मौसम सामने है, लेकिन खाद-बीज की उपलब्धता में सरकार की घोर लापरवाही सामने आ रही है। किसानों को समय पर गुणवत्ता युक्त खाद और बीज नहीं मिल रहे, जिससे आने वाली फसल पर भी संकट मंडरा रहा है। भाजपा सरकार किसानों के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। सुशासन के नाम पर केवल झूठे वादे किए जा रहे हैं, जबकि धरातल पर किसान कर्ज के बोझ तले दबे जा रहे हैं और आत्महत्या जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। किसान कांग्रेस महासमुंद जिला इकाई भाजपा सरकार से मांग करती है कि धान खरीदी की सभी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाए और सभी पंजीकृत किसानों को बिना किसी बाधा के धान बेचने की सुविधा दी जाए। रकबा संसोधन और कैरी फॉरवर्ड की सुविधा को फिर से खोला जाए। खरीदी केंद्रों पर परिवहन और जाम की समस्या दूर की जाए। रबी फसल के लिए खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। किसानों की आत्महत्या जैसी घटनाओं पर गंभीरता से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई हो। यदि सरकार ने तत्काल कदम नहीं उठाए तो किसान कांग्रेस पूरे जिले में बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होगी। किसानों के हितों की रक्षा के लिए कांग्रेस सदैव उनके साथ खड़ी है।

# नर्सिंग प्रवेश के लिए आईएनसी ने दी सात दिनों की मोहलत, परसेंटाइल पर 'नो ऑब्जेक्शन' की प्रतीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारी-भरकम प्रयास के बाद निजी नर्सिंग कालेजों को 4147 सीटों पर एडमिशन के लिए इंडियन नर्सिंग काउंसिल से 31 दिसंबर यानी सात दिनों की मोहलत मिल गई है।

आईएनसी ने प्रवेश की अंतिम तारीख बढ़ाने मंगलवार को जारी करने वाले पत्र में परसेंटाइल कम करने के मामले में अनापत्ति का उल्लेख नहीं किया है। अनुमान है कि इसके लिए शुक्रवार तक नई चिट्ठी जारी की जा सकती है, जिसके आधार पर प्रवेश के लिए राज्य शासन न्यूनतम अंक के नियम को शिथिल करेगा। नर्सिंग कालेजों में बीएससी नर्सिंग की पूरी सीटों पर एडमिशन टेढ़ी खीर है। हर साल पचास फीसदी सीट खाली रहने पर प्रवेश की तारीख और परसेंटाइल कम करने की प्रक्रिया पूरी की जाती है। इस बार काफी मशक्कत और ऊंचा जैक लगाने के बाद प्रवेश की अंतिम तारीख बढ़ाने की अनुमति मिल गई है। शुक्रवार को भारतीय उपचर्या परिषद ने 31 दिसंबर तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने की अनुमति दी है। अभी प्रवेश के न्यूनतम 40 और 50 अंक के नियम को भी शिथिल करने की आवश्यकता है। इसके लिए नया पत्र जारी किए जाने का इंतजार है। निजी नर्सिंग कालेजों को इस पत्र के बाद राहत तो मिली, मगर 4147 सीटों पर एडमिशन के लिए सात दिन कम हैं। इस बात की संभावना है कि आने वाले दिनों में प्रवेश की अंतिम तारीख और आगे बढ़ाई जा सकती है। राज्य में वर्तमान में सवा सौ से ज्यादा नर्सिंग कालेजों में बीएससी की 7811 सीट है।



- निजी नर्सिंग कालेजों को मिली राहत, 4147 सीट अभी है खाली

### भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन, विचार और कृतित्व युगों तक भारत को दिशा देता रहेगा: येतराम

**महासमुंद।** भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के महान राष्ट्रद्रष्टा थे। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और सुशासन को समर्पित रहा। अटल का व्यक्तित्व राजनीति में शुचिता, विचारों में स्पष्टता और व्यवहार में विनम्रता का प्रतीक था। जिलाध्यक्ष साहू ने कहा कि अटल की विदेश नीति संतुलित, दूरदर्शी और राष्ट्रहित पर आधारित थी। पड़ोसी देशों के साथ संवाद, विशेषकर बस यात्रा के माध्यम से शांति का संदेश देना, उनके उदार किंतु दृढ़ नेतृत्व को दर्शाता है। वे शांति के पक्षधर थे, परंतु देश की सुरक्षा और सम्मान से कभी समझौता नहीं किया।







### रामसागर में वृद्धजन कल्याण के लिए नवा अंजोर संगठन का गठन

**महासमुंद।** जिले के ग्राम रामसागर में वृद्धजनों के सामाजिक, आर्थिक एवं मानवीय सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए "नवा अंजोर" नामक ग्राम संगठन का गठन किया गया। यह संगठन विशेष रूप से ग्राम के वृद्धजनों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है, जिसके माध्यम से प्रारंभिक चरण में ग्राम के 60 वृद्धजनों को संगठन से जोड़ा गया है। नवा अंजोर संगठन की संरचना स्व सहायता समूह मॉडल पर आधारित है। इसके अंतर्गत ग्राम के प्रत्येक वार्ड में वृद्धजनों के अलग-अलग समूह गठित किए गए हैं, ताकि उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और सुझावों को वार्ड स्तर पर ही प्रभावी ढंग से सामने लाया जा सके। इन वृद्धजन समूहों के देखरेख एवं नियमित संचालन की जिम्मेदारी ग्राम की महिला स्व सहायता समूहों को सौंपी गई है, जबकि संगठन का संरक्षण एवं मार्गदर्शन ग्राम विकास समिति द्वारा किया जाएगा।



### हर्षोल्लास के साथ मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अटल के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा के कार्यकर्ता और ग्रामीणों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि अटल मात्र एक राजनेता नहीं, बल्कि एक युगपुरुष, प्रखर वक्ता और ओजस्वी कवि थे, जिन्होंने राजनीति में उच्च आदर्श स्थापित किए। इस अवसर पर ग्राम बम्हनी के बूथ अध्यक्ष राजू साहू, पन्ना साहू के साथ राकेश साहू, उत्तम साहू, प्रमोद साहू, हेमलाल साहू, पुरन साहू, भानू निषाद, रवि निषाद, महेश निषाद आदि मौजूद रहे।

# इमलीभाठा में राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारी



**महासमुंद।** स्थानीय इमलीभाठा में राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के द्वितीय वर्षगांठ पर भक्तिमय आयोजन एवं भोग भंडारा की तैयारी की जा रही है। आयोजन संयुक्त रुप से इमलीभाठा, अयोध्या नगर, रामरहीम नगर, इंद्रा कॉलोनी, वर्धमान नगर, श्रीराम वाटिका (रानी लक्ष्मीबाई बस्ती) की ओर से किया जा रहा है। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन ने बताया कि प्रातः 11 बजे से राम चरित मानस गान, दोपहर 12 बजे पूजा आरती, दोपहर 2 बजे से 5.30 बजे तक आमंत्रित मानस मंडलियों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएगी। शाम 6 बजे तक दीपोत्सव की तैयारियां की जा रही है। शाम 6 बजे से नगर पुरोहित पं. पंकज महाराज द्वारा महाआरती की जाएगी। पश्चात हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रखर वक्ताओं का उद्बोधन प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि उद्बोधन के पूर्व भारत माता की आरती एवं पूर्ण वंदे मातरम का गान होगा रात्रि 8 बजे से स्कूली बच्चों के द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन की सफलता के लिए लगातार गृह संपर्क अभियान एवं प्रभात फेरी की जा रही है। आयोजन समिति ने बताया कि समस्त भक्तों के लिए दोनों समय का भोग भंडारा की व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बस्ती प्रमुख विजय चंद्राकर, एमआर विश्वनाथन, टेकराम सेन, हनीश बग्गा, पार्षदगण माखन पटेल, जय देवांगन, सुनैना पप्पू ठाकुर, पूर्व पार्षद दिनेश बेहरा, जगदीश साहू, समिति अध्यक्ष डीआर सोनी, लालाराम साहू, सुदामा मिश्रा, नीलमणि चंद्राकर, दीपक शर्मा, जीएस गौर, महावीर पवार, योगेश कश्यप, पूरन देवांगन, छेदीलाल राठौर, राजेश सोनी, बंशी साहू, ज्ञान सिंह चंदेल, कृपाराम सागर, शशिकांत जैन, खिलावन धनकर सहित समस्त मोहल्लेवासी लगातार मेहनत कर रहे हैं। उक्त जानकारी देते हुए सुजाता विश्वनाथन, राखी शर्मा, सविता चंद्राकर, दुलारी चंद्राकर ने अपील की कि कार्यक्रम की भव्यता के लिए 31 दिसंबर को सभी अपने घरों में रंगोली बनाकर शाम को दीप प्रज्वलित करें एवं इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## केरल और बांग्लादेश में हिंदू नागरिकों की हत्या को लेकर जयस्तंभ चौक पर प्रदर्शन

# केरल व बांग्लादेश हत्याकांड को लेकर आरएसएस-भाजपा पर बरसे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केरल और बांग्लादेश में हिंदू नागरिकों की निर्मम हत्याओं के विरोध में आज रायपुर नगर के हृदय स्थल जयस्तंभ चौक पर कांग्रेस पार्टी द्वारा श्रद्धांजलि सभा एवं विरोध प्रदर्शन किया गया। इसका नेतृत्व कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत केरल में पहचान के नाम पर भीड़ हिंसा का शिकार हुए छत्तीसगढ़ के दलित प्रवासी मजदूर रामनारायण बघेल तथा बांग्लादेश में जिंदा जलाकर मारे गए हिंदू युवक दीपू चंद्र दास को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। कांग्रेस ने केंद्र सरकार, भाजपा और आरएसएस के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। केरल और बांग्लादेश की घटनाएं कोई अलग-थलग घटनाएं नहीं हैं, बल्कि आरएसएस और भाजपा द्वारा वर्षों से फैलाए जा रहे नफरत, उन्माद और पहचान आधारित राजनीति का सीधा परिणाम हैं। उन्होंने कहा, केरल में एक गरीब दलित मजदूर को बांग्लादेशी होने के झूठे शक में पीट-पीटकर मार दिया गया और बांग्लादेश में एक हिंदू युवक को जिंदा जला दिया गया, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार की तरफ से कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं दिखती।

**ये थे मौजूद**

पदर्शन में डॉ अन्नू राम साहू,सत्यनारायण नायक, अशोक ठाकुर, सुनील बाजारी, जी श्रीनिवास, कशिश चंद्राकर, संदीप तिवारी, नरेश गढ़पाल , दिलीप चौहान, शांतनु झा, राहुल तिवारी, कुणाल दुबे, योगेश तिवारी, राजू नायक, सितेंद्र ठाकुर, दिनेश तिवारी, महाधव छुरा, किशन बाजारी , सुनील साहू, योगेश दीक्षित, अमित शर्मा लल्लू, दिनेश फूटान, उमेश सावरकर, हंशु सावरकर, सुशील कटियार, विजय कुमार टंडन, संजू नायडू , नवीन केशरवानी, सुनील भुवाल, कामरान अंसारी, विनोद ठाकुर, विजय ठाकुर, अपरिजित तिवारी, कुलदीप ध्रुव, हेमलाल नायक, वीरू साहू, राजू डोडानी, कृष्णा नायक, आमीन खान, मंगल सिंह, विजय डीडवानी, कुलदीप दुप्पड, सूर्यप्रकाश उपाध्याय, ईश्वर चक्रधारी सहित सैकड़ो कांग्रेसी उपस्तिथ थे।



**एक करोड़ मुआवजे की मांग**

*केंद्र सरकार से मांग की कि केरल और बांग्लादेश दोनों मामलों में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बांग्लादेश सरकार पर प्रभावी कूटनीतिक दबाव बनाया जाए और विदेशों में रहने वाले भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए ठोस नीति घोषित की जाए। साथ ही उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और नफरत नहीं, बल्कि इंसाफ और संविधान की राजनीति के लिए संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने पीड़ित परिवार को एक करोड रुपए मुआवजा देने और उन्होंने दीपू चंद्र दास एवं रामनारायण बघेल के हत्यारे को फांसी देने की मांग सरकार से की है।*

# महाधिवक्ता और एडिशन के इस्तीफे के बाद बदली टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शासन के महाधिवक्ता और अतिरिक्त महाधिवक्ता के इस्तीफों के बाद राज्य शासन ने विधिक टीम की पुरानी नियुक्तियों को निरस्त करते हुए नई नियुक्ति कर दी है। इसमें छह अतिरिक्त महाधिवक्ता, आठ उप महाधिवक्ता, 17 शासकीय अधिवक्ता और 18 उप शासकीय अधिवक्ता शामिल हैं।



- 59 नई नियुक्तियों का आदेश हुआ जारी

### अतिरिक्त महाधिवक्ता

अतिरिक्त महाधिवक्ता के पद पर छह वरिष्ठ अधिवक्ताओं की नियुक्ति की गई है, जिनमें प्रवीण दास, आशीष शुक्ला, यशवंत ठाकुर, राजकुमार गुप्ता, गैरी मुखोपाध्याय और शशांक ठाकुर शामिल हैं। वहीं उप महाधिवक्ता के रूप में संजीव पांडेय, विनय पांडेय, धर्मेश श्रीवास्तव, आनंद दादरिया, डॉ. सौरभ कुमार पांडे, प्रसून कुमार भदुरी, दिलमन रति मिन्ज और सुमित सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### इन्हें मिली शासकीय अधिवक्ता और उप शासकीय अधिवक्ता की जिम्मेदारी

संतोष कुमार सोनी, अनिल कुमार पांडेय, विनोद कुमार टेकाम, जितेंद्र श्रीवास्तव, विवेक कुमार वर्मा, सुनीता मणिकपुरी, अखिलेश कुमार, केशव प्रसाद गुप्ता, राहुल तमस्कार, संघर्ष पांडेय, अविनाश सिंह, सुयशधर बड़गैया, सब्यसाची चौबे, शैलजा शुक्ला, सुप्रिया उपासने, शलीन सिंह बघेल, प्रियंक राठी सहित कई नाम शामिल हैं। वहीं उप शासकीय अधिवक्ता के रूप में रामनारायण साहू, आनंद गुप्ता, अतानू घोष, रोहित सवा सिंह, कृष्णा गोपाल यादव, ऋषि राज पीथावा, अनिश तिवारी, सौम्या राय, नितांश कुमार जायसवाल, शोभित मिश्रा, अमित बक्सी, अनुराधा जैन, कवलजीत सिंह सैनी, अनुजा शर्मा, अनुषा नाइक, दीक्षा गौराहा, घनश्याम कश्यप और वैशाली महिलांग को नियुक्त किया गया है।

# रियल एस्टेट सुधारों में छग बना देश का रोल मॉडल





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- क्रेडाई नेशनल कॉन्क्लेव में गूंजा राज्य का नाम
- छत्तीसगढ़ के रियल एस्टेट सेक्टर में हुए प्रशासनिक सुधार रहा मुख्य आकर्षण का केंद्र

राष्ट्रीय स्तर पर प्राइवेट रियल एस्टेट डेवेलपर्स की सर्वोच्च संस्था क्रेडाई का नेशनल कॉन्क्लेव नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ सहित देशभर से रियल एस्टेट डेवलपर्स ने भाग लिया। इस कॉन्क्लेव का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ के रियल एस्टेट सेक्टर में हुए प्रशासनिक सुधार और नवाचार रहे, जो पूरे देश में रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए सरकार की नीतियों के लिए रोल मॉडल माने जाने रहे हैं। कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष पंकज लाहोटी ने राज्य शासन द्वारा लागू किए गए ऐतिहासिक सुधारों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में स्वतः नामांतरण, जॉइंट वेंचर एग्रीमेंट के आधार पर प्रोजेक्ट की अनुमति और डीम्ड कम्पलीशन सर्टिफिकेट, स्वत्त डाइवर्सन जैसी व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। इन क्रांतिकारी बदलावों की नेशनल डेलीगेट्स ने व्यापक सराहना की, क्योंकि इनमें से कई सुधार देश में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ में ही प्रभावी हुए हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एवं विशेष अतिथि के रूप में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव उपस्थित रहे।

*कार्यक्रम ये रहे उपस्थित : कॉन्क्लेव में छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर चैप्टर का प्रतिनिधित्व करने के लिए आनंद सिंघानिया, पंकज लाहोटी, सुशील पटेरिया, विजय नाथानी, रवि फतनानी, राकेश पांडे, अमित अग्रवाल, अजय श्रीवास्तव, एस. एन. सिंह सहित यूथ क्रेडाई से यश सिंघानिया, नवनीत अग्रवाल, ऋषभ जैन, लकेश चंद्राकर, संदीप चंद्राकर और संचित नथानी शामिल हुए।*

### भाजपाइयों ने मनाई वाजपेयी की जयंती

पटेवा। सिरपुर पटेवा मंडल के बाजार वार्ड पटेवा में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। जिसमें पूर्व मंडल अध्यक्ष धरम पटेल, मंडल महामंत्री सुनील पटेल, मंडी अध्यक्ष बनपचरी टीकाराम पटेल, सम्पत पटेल, चंद्रशेखर पटेल, अजय साहू, मंडी अध्यक्ष जलकी होरी लाल पटेल, सुनील यादव, कमलेश पटेल, गनेश साहू, निशा जोगी, मोहन विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।



# हरदी एनीकट के गेट को असामाजिक तत्वों ने किया क्षतिग्रस्त, घंटों चला मरम्मत का काम तब जाकर रुका पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र में हरदीह एनीकट के गेट को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे एनीकट में भरा पानी बहने से लगातार बर्बादी हो रही थी। इसकी जानकारी मिलते ही संसाधन विभाग के अफसरों में हड़कंप मच गया। इस पानी की बर्बादी को रोकने के लिए अफसरों ने तत्काल क्षतिग्रस्त गेट के हिस्से की मरम्मत कराते हुए पानी के बहाव को बंद कराया।

विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार बारिश का सीजन समाप्त होने के बाद एनीकट एवं स्टापडेम के गेटों को बंद कर दिया गया है। हरदी एनीकट के सभी गेट भी 13 नवंबर से बंद है, जिससे एनीकट में पर्याप्त जल भराव हो गया था, लेकिन 15 दिसंबर को असामाजिक तत्वों ने इस गेट के एक हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया था, जिससे लगातार पानी की बर्बादी हो रही थी। गेट के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी जैसे ही विभाग में हुई अफसरों में हड़कंप मच गया। इसके बाद अफसरों ने तत्काल इस गेट को बंद कराने के लिए मरम्मत का कार्य शुरू कराया। बताया जा रहा है कि कई घंटे तक मरम्मत का काम चला, तब जाकर गेट को बंद किया जा सका। हालांकि अभी इस गेट को बंद करने के अस्थाई रूप से मरम्मत हुई है।



अफसरों के अनुसार गेट पर किसी लोहे के वजनदार वस्तु से वार किया गया है, जिससे गेट का पाट्र्स डेमेज हो गया है, जिसे जल्द ही लगा दिया जाएगा। इधर इस मामले में विभाग ने आरंग थाने में अज्ञात असामाजिक तत्वों के खिलाफ एफआईआर भी कराई है। पुलिस मामले में जांच कर आरोपियों की तलाश कर रही है। अफसरों के अनुसार गेट की मरम्मत कर बंद किए जाने के बाद वर्तमान में एनीकट में लगभग 5 फीट तक जल भराव है।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर से पूर्व सैनिक संगठन ने की मुलाकात

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा स्थित शहीद स्मारक के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, कनक राम निषाद ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से मुलाकात की। अध्यक्ष युवराज ने बताया कि शहीद स्मारक खरोरा तलाब के पीछे सौंदर्यीकरण के लिए शहीद स्मारक में कुछ कार्य करने के लिए बारे में चर्चा की गई।

### महिला कांग्रेस की शहर जिलाध्यक्ष बनीं सोनम



**महासमुंद।** छग महिला कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने प्रदेश के सभी जिलों में नियुक्तियां करते हुए जिला में सोनम बंसोड़ को महिला कांग्रेस का शहर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस पार्टी के सिद्धांतों एवं नीतियों पर चलते हुए पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही संगठन के माध्यम से महिलाओं के हितों के लिये हमेशा संघर्षरत रहने एवं समय-समय पर अपने गतिविधियों की जानकारी प्रदेश महिला कांग्रेस को अवगत कराएंगे।

### आलेखुंटा में मड़ाई आज

**सिर्री।** ग्राम आलेखुंटा के समस्त सतनामी समाज और ग्रामवासियों के तत्वावधान में 24 से 26 दिसंबर तक त्रिदिवसीय बाबा घासीदास पंथी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसका समापन 26 दिसंबर शुक्रवार को होगी। शुक्रवार को मड़ाई मेला का आयोजन रखा गया है। साथ ही रात्रिकालीन कार्यक्रम में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम मनमोहनी गुईयां (हेमलाल चतुर्वेदी) बेमेतरा की प्रस्तुति होगी।

### सोनपुर में मड़ाई 27 को

**सिर्री।** ग्राम सोनपुर (कोड़ेबोड़) में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती एवं मेला मड़ाई का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ 27 दिसंबर शनिवार को मनाई जाएगी। इस अवसर पर संदेश शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। इस उपलक्ष्य में रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम राम बलराम नाचा पार्टी, ग्राम निपानी जिला बालोद की प्रस्तुति होगी।

### पुरी में दो दिवसीय कबीर

**महोत्सव : सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ, 8 विस के 1155 खिलाड़ी हुए शामिल**

# सांसद खेल महोत्सव से ग्रामीण प्रतिभाओं को मिला उभरने का मौका: रूपकुमारी





हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

लोकसभा स्तरीय दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को वन खेल परिसर में मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मशाल प्रज्वलन के साथ किया गया। शुभारंभ अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह मौजूद रहे।

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने सांसद खेल महोत्सव को युवा शक्ति का उत्सव बताया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि अनुशासन एवं खेल भावना भी विकसित करता है। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव से ग्रामीण प्रतिभाओं को उभरने का मौका मिला है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि गांव से लेकर लोकसभा तक युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 3 चरण में आयोजित किया गया। प्रथम चरण में संकुल स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में ग्रामीण 25 एवं शहरी 05 कुल 30 संकुल में आयोजित किया गया। विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में संकुल के विजेता टीम एवं विजेता खिलाड़ी अपने-अपने विधानसभा में शामिल हुए। सामूहिक खेलों के लिए आयु वर्ग 14 से 19 वर्ष एवं 19 से 24 वर्ष तथा व्यक्तिगत खेलों के लिए आयु वर्ग 14 से 17 वर्ष, 18 से 20 वर्ष एवं 21 से 24 वर्ष के बालक एवं बालिका शामिल हुए। सामूहिक खेलों में खो-खो, कबड्डी एवं बॉलीबॉल तथा व्यक्तिगत खेलों में 100 मीटर दौंड, 400 मीटर दौंड, गोलाफेंक, भालाफेंक, लंबीकूद, ऊंचीकूद, गेड़ी दौड़ खेल शामिल है। सांसद खेल महोत्सव में 8 विधानसभा के 1155 खिलाड़ी जिसमें 664 बालक एवं 491 बालिका खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें बसना विधानसभा क्षेत्र के 182 खिलाड़ी, सरायपाली के 123, महासमुंद के 131, खल्लारी के 145, राजिम के 146, बिंद्रानवागढ़ के 149, कुरूद के 148 एवं धमतरी के 131 खिलाड़ी शामिल हुए।

## एनएचएम कर्मचारियों को वेतन और एरियर्स के लाले पड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में लगभग 550 कर्मचारियों का बड़ा अमला स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत है। इनको कम वेतन में भी काम चलाना पड़ता है। एक ओर सरकारी कर्मचारियों को हर माह के एक तारीख को सेलरी मिल जाता है। परंतु, एनएचएम कर्मचारियों को नहीं मिल पाता। इनके लिए दशहरा, दीपावली जैसे त्यौहार में समय पर सैलरी नहीं मिली। अभी 25 दिसंबर भी आ गया, यह भी क्रिसमस का बहुत बड़ा त्यौहार है। अभी वर्तमान में पूरे प्रदेश में सीएनए स्पर्श नाम के नए सॉफ्टवेयर ऑनलाइन सिस्टम आया है व ट्रेजरी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा।

नेशनल हेल्थ मिशन में इस कारण जिले को फंड प्राप्त नहीं हुआ। प्रदेश के सभी जिलों में एक दिसंबर को फंड एलाटमेंट हो गया था, जो कि अधिकांश जिले में वेतन भुगतान और 5 प्रतिशत की बढ़ा हुआ वेतन एरियर्स के रूप मिल गया है। परंतु, जिला में आज दिनांक तक अप्राप्त है।

जिलाध्यक्ष रामगोपाल खूंटे ने बताया कि 10 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे। लेकिन, आज दिनांक तक मांगे पूरी नही हुई। ऊपर से 24 कर्मचारियों को बर्खास्त किए। 3 से 4 माह हो गया, परंतु अब तक उनकी वापसी नही हुई। हड़ताल अगस्त से सितंबर तक कुल 32 दिन आयोजन किया गया। शासन-प्रशासन के ऊपर भरोसा करते हुए हड़ताल को स्थगित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री के आश्वासन पर अब तक इंतजार करना भारी पड़ रहा है। जबकि, स्वास्थ्य मंत्री और मुख्य सचिव की अध्यक्षता की बैठक में 24 बर्खास्त कर्मचारियों को वापसी का पत्र मिशन संचालक एमडीएनएच को पत्र दिया गया है।

## संघ शताब्दी वर्ष में गृह संपर्क अभियान : अलका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष के अवसर पर सामाजिक एकता और राष्ट्रीय पुनर्जागरण का लक्ष्य लेकर गृह संपर्क अभियान प्रारंभ किया गया है। उक्त बातें अलका चंद्राकर ने कही। खल्लारी विधानसभा के विभिन्न गांव बागबाहरा, घुंचापाली, तेंदूकोना, मुनगासेर, सुखरीडबरी, खुर्सीपार, देवरी, पटेरापाली, बीकेबाहरा, भानपुर आदि गांव में कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर आरएसएस के स्थापना कार्य राष्ट्रीय दायित्व के बारे में बताया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य राष्ट्र प्रथम है तेरा वैभव अमर रहे मां हम दिन चार रहे या ना रहे प्रमुख है। संघ की पुस्तक साहित्य भेंट की जा रही है। गत 100 वर्षों से यह महायज्ञ अनवरत चल रहा है। संपूर्ण समाज को संगठित कर देश के सामने आने वाली सभी समस्याओं व चुनौती का समाधान करना, समाज में स्थाई परिवर्तन लाने के लिए समाज की व्यवस्थाओं को युग अनुकूल बनाना है।

इस अवसर पर दुर्गा वस्त्रकार, अनिल चंद्राकर, विनोद यादव, जाह्नवी साहू, डिंपल ध्रुव, सविता दीवान, लोकेश पनोरिया, रूपेश साहू, पीलेश्वर पटेल, मोहन साहू, परमानंद चंद्राकर, महेश वैष्णव, देव पटेल, महेश चंद्राकर, लोकेश साहू, मिथिलेश साहू, द्रोण पटेल, पद्मिनी बांधे, नरेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

## महाविद्यालय के शोध केंद्र में हुई विभागीय बैठक, निर्देशक नियुक्त की गईं चंद्रिका



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली

स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के शोध केंद्र हिंदी में प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के मार्गदर्शन में नए शोधार्थियों के पंजीयन एवं विषय निर्धारण के लिए विभागीय शोध समिति की बैठक आहूत की गई। उल्लेखनीय है कि सितंबर 2025 में डॉ. चंद्रिका चौधरी के शोध निर्देशक बनने के पश्चात जून 2025 में महाविद्यालय के हिंदी विभाग में शोध केंद्र खुला है। इसकी प्रथम बैठक में शोध निर्देशक डॉ. चंद्रिका चौधरी के निर्देशन में दो शोधार्थियों कुसुम नेताम व रेणु सामल खत्री का पंजीयन हो चुका है। बची दो सीटों में शोधार्थियों के पंजीयन एवं विषय चयन के लिए विभागीय शोध समिति की द्वितीय बैठक प्राचार्य डॉ. संध्या भोई की अध्यक्षता, डॉ. सीमा रानी प्रधान की सदस्यता और शोध निर्देशक डॉ. चंद्रिका चौधरी के निर्देशन में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. राजेश दुबे, सेवानिवृत्त प्राचार्य, शहीद राजीव पाण्डे शासकीय महाविद्यालय भाटागांव (रायपुर) विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में शोधार्थियों के समस्त दस्तावेजों के निरीक्षण के साथ-साथ शोध विषय पर रुचि तथा विषय चयन संबंधित चर्चा की गई। शोध निर्देशक डॉ. चंद्रिका चौधरी के निर्देशन में दो शोधार्थियों कमला नायक (अन्य पिछड़ा वर्ग) नेट, सेट एवं त्रिदेव राज आनंद किशोर (अनुसूचित जाति) यूजीसी नेट केवल पीएचडी के लिए पात्र को लिया गया। कोर्स वर्क परीक्षा उत्तीर्ण कर चुकी शोधार्थी कुसुम नेताम के शोध-सारांश पर विचार-विमर्श कर शीर्षक चयन कर अनुक्रमणिका पर चर्चा की गई। ताकि, शोधार्थी कुसुम विश्वविद्यालय में कुलपति की अध्यक्षता में होने वाली आरडीसी (अनुसंधान एवं विकास समिति) बैठक में अपने विषय की सार्थकता को बेहतर ढंग से व्याख्यायित कर सके। प्राचार्य डॉ. संध्या भोई द्वारा शोधार्थियों को शुभकामनाएँ प्रेषित की गई। विषय विशेषज्ञ डॉ. राजेश दुबे एवं सदस्य डॉ. सीमा रानी प्रधान ने शोध निर्देशक डॉ. चंद्रिका और सभी शोधार्थियों को, आगामी समय में बेहतर शोध के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शोध प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. राधेश्याम मौजूद रहे।

## बाबा के बताए मार्ग पर चलकर सशक्त समाज का निर्माण संभव : महिलांग



**महासमुंद।** ग्राम केरामुड़ा में आयोजित बाबा गुरु घासीदास की जयंती में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व नपा उपाध्यक्ष व समाज प्रमुख त्रिभुवन महिलांग शामिल हुए। जैतखाम की पूजा से शुभारंभ पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिलांग ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास का मनखे-मनखे एक समान का नारा आज भी पूरी मानवता के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि बाबा ने समाज में व्याप्त ऊंच-नीच और भेदभाव को मिटाकर प्रेम और सद्भाव का मार्ग दिखाया था। हमें उनके सिद्धांतों को केवल नारों तक सीमित न रखकर अपने जीवन में उतारना चाहिए। महिलांग ने आगे कहा कि सतनाम पंथ का मार्ग सत्य का मार्ग है और इसी मार्ग पर चलकर एक सशक्त समाज का निर्माण संभव

## युकां प्रदेश प्रभारी व प्रदेशाध्यक्ष का पटेवा में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पठानिया एवं प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस आकाश शर्मा का सारंगढ़ प्रवास के दौरान पटेवा पहुंचने पर महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू एवं सौरभ लोधी अध्यक्ष युवा कांग्रेस महासमुंद के नेतृत्व में बस स्टैंड में युवाओं द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान नपाध्यक्ष ने आत्मीय स्वागत करते हुए संगठन के कार्यों से अवगत कराया। इस अवसर पर शहबाज़ राजवानी, रत्नेश साहू, मदन पटेल, गुलशन साहू, मो अजगर, विकाश साहू, मो अरशद खान, मो. रेहान, पिलेश यादव, मो. रेहान, मो. इमदाद, दुर्गेश हिरवानी, भविष्य साहू, रूप सिंग ध्रुव, ललित महिपाल, खेमराज साहू, मोनू मोगरे आदि उपस्थित रहे।

## राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में बिरकोनी स्कूल के व्याख्याता ने दिया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) भारत सरकार के द्वारा ट्रेनर डेवलपमेंट प्रोग्राम (टीडीपी) के तहत एक्सपीरियंशियल लर्निंग टूल्स (ईएलटी) कोर्स का पांच दिवसीय प्रशिक्षण हरीश चंद्र माथुर, राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान जयपुर राजस्थान में रखा गया था। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी के व्याख्याता लक्ष्मण मानिकपुरी प्रशिक्षक के तौर पर सम्मिलित हुए। उपरोक्त प्रशिक्षण में राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र से विभिन्न विभागों के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

ग़ौरतलब हो कि लक्ष्मण मानिकपुरी स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ से प्रथम व्यक्ति हैं जिन्होंने किसी राष्ट्रीय स्तर के संस्था में डीओपीटी के किसी प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक के तौर पर अपनी सेवाएं दी हैं। लक्ष्मण मानिकपुरी कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रशिक्षक हैं। इस उपलब्धि पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष गिरिजा शंकर चंद्राकर, प्राचार्य करण सिंह सोरी, पूर्व अध्यक्ष जगदीश प्रसाद चंद्राकर, बलराम पटेल, मन्नूलाल मालेकर, शंकर चंद्राकर, तुलस साहू, मुकेश कोसले, राजेंद्र साहू, शाला विकास समिति के अन्य गणमान्य सदस्य गण एवं शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

## विहिप बजरंग दल ने किया बांग्लादेशी सरकार का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद



स्थानीय नेहरू चौक में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा जिहादी मानसिकता वाली बांग्लादेशी सरकार का पुतला दहन किया एवं राष्ट्रपति के नाम एसडीएम महासमुंद को सौंपा। जिसमें बांग्लादेश में सता परिवर्तन के बाद इस्लामी जिहादी गतिविधियां निरंतर बढ़ती जा रहीं हैं और उनके निशाने पर हिंदुओं के मंदिर, व्यावसायिक केंद्र, महिलाएं, संपत्ति, शासकीय कर्मचारी, पत्रकार ही रहते हैं। हिंदू प्रताड़ना की वीभत्स घटनाएं प्रति सप्ताह होती रहती हैं। परंतु गत सप्ताह मेमनसिंह जिले के भालुका में ऐसी घटना हुई है, जिसने पूरी मानवता को लज्जित किया है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ऐसे इस्लामी जिहादी मानसिकता वाली बांग्लादेशी सरकार का विरोध करते हुए अंतरराष्ट्रीय मंच पर बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा के लिए कठोर नियम बनाने की मांग राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में किया गया है। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन चंद्राकर, प्रांत समरसता टोली सदस्य अखिलेश लूनिया, सर्व हिंदू समाज भरत चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष चंद्रबदन मिश्रा, मोहन साहू, पवन साहू, रामेश्वर पांडे, गौ रक्षा प्रमुख सुमन सेंद्रे, नगर संयोजक चंद्र प्रकाश यादव, कान्हा प्रधान, चंदन नेताम, उत्तम वर्मा, सुरेंद्र दास महाराज, राहुल गुप्ता, राहुल यादव राकेश साहू, समकित मालू, साकेत मालू, वासु चंद्राकर, नसीब टांडी, दादू पटेल, त्रिलोक ध्रुव, संजय यादव, प्रमोद साहू, जयंत यादव, राजा चंद्राकर, गुड्डा, लोकेश दावड़ा आदि बजरंग दल के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सर्व समाज के बच्चों को दी गई सनातनी शिक्षा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोमाखान

ब्राह्मण समाज कोमाखान के तत्वावधान में सर्व समाज के बच्चों को सनातनी शिक्षा एवं संस्कार देने के उद्देश्य से तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन समाज के अध्यक्ष पं. शिव उपाध्याय, उपाध्यक्ष पं. मोतीलाल तिवारी, संरक्षक डॉ. अरुण शुक्ला एवं सचिव डॉ. विजय शर्मा द्वारा भगवान परशुराम की पूजा-अ्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर आचार्य पं. प्रवीण उपाध्याय ने बच्चों को नैतिक शिक्षा, संस्कार एवं स्वाध्याय के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने स्वच्छता और पवित्रता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए दैनिक जीवन में संस्कारिक मूल्यों को अपनाने, योग्य नागरिक बनने के लिए उचित आचरण एवं व्यवहार प्रदर्शित करने तथा जीवन में अनुशासन के अनुपालन पर विस्तार से बताया। कार्यशाला के दौरान सत्य सनातन धर्म के उत्थान के लिए संस्कृत श्लोकों, स्तुति एवं प्रार्थनाओं का अभ्यास कराया गया। साथ ही बच्चों में रुचि जगाने के लिए रोचक गणितीय गतिविधियाँ भी कराई गईं।

विप्रजनों द्वारा बच्चों को अभ्यास पुस्तिका एवं कलम भेंट की गई। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को टॉफी एवं प्रसाद का वितरण किया गया तथा राष्ट्र निर्माण में अच्छे व्यवहार, कर्म एवं सनातनी वैदिक संस्कारों के माध्यम से विश्व में अपनी पहचान बनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में प्रदीप यादव, देवव्रत शर्मा, यश शर्मा, लक्की शर्मा, आदेश उपाध्याय, हर्ष उपाध्याय सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# जाति के भेदभाव से दूर मनखे-मनखे एक समान का दिया संदेश : अंकित

### कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बाबा गुरु घासीदास की जयंती कार्यक्रमों में हुए शरीक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद



कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा विगत दिनों सतनाम पंथ के प्रवर्तक संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 270वीं जयंती के उपलक्ष्य में बकमा और मुड़ागांव में शामिल हुए। अंकित ने बकमा में अपने उद्बोधन में कहा कि यह पर्व एक नई प्रेरणा का पर्व है। छत्तीसगढ़ के महान संत, सतनाम पंथ के प्रवर्तक एवं सामाजिक समरसता के प्रतीक बाबा गुरु घासीदास की 270वीं जयंती पूरे उत्साह, श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाये जाने का पर्व हैं, यह पावन अवसर न केवल सतनामी समाज बल्कि संपूर्ण मानवजाति के लिए सत्य, समानता, अहिंसा, भाईचारा और मानवता के संदेश को पुनः स्मरण करने का सुनहरा अवसर है।

अंकित ने कहा कि बाबा का सबसे बड़ा संदेश ₹मनखे-मनखे एक समान₹ है। जिसमें कहा है कि सभी मनुष्य समान हैं, जाति-पाति, ऊँच-नीच का भेदभाव निरर्थक है और उनका उपदेश रहा है कि सात्विक जीवन, सत्य की आराधना, अहिंसा, मद्यपान-मांसाहार का त्याग और मानव सेवा को सर्वोपरि मानते हुए बाबा ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर कठोर प्रहार किया था और जयंती मनाने की सार्थकता भी तभी है जब उनके संदेशों को अंगीकार करें। बाबा ने छाता पहाड़ में कठोर तप कर उस समय की समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ संदेश दे, सत्यता के प्रतीक सफेद रंग पर जोर दिया। ताकि, थोड़ी भी बुराइयां हमें छू ना पाए और अगर आने लगे तो तुरंत उसके छीटे दिख जाए। अंत में अंकित ने बाबा का जयकारा लगाया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बकमा से हीरादास टंडन, लालजी जांगडे, लतेलू राम चेलक, सरपंच लीलेश्वर बल्ला साहू, रेखराम बाघ, कपूर साहू, कमल साहू, उस्मान खान, हसीम खान, सियाराम टंडन, दयालु टेंडर, योगेश्वर सरपंच प्रतिनिधि, चंद्रकांत साहू, उपसरपंच लिलाधर, कमल नारायण, गंगाराम मोहन, अंजोर ठाकुर, गैंदराम पटेल, लखन नायक, शुभम बाघ, विजय जगत, डिगेश बाघ, जेठूराम बाघ, रामदास कुर्रे, विजय

## खबर संक्षेप



### साहित्यकार विनोद शुक्ल को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ज्ञानपीठ पुरस्कार से अलंकृत, प्रख्यात साहित्यकार विनोद शुक्ल के निधन पर स्थानीय साहित्य समिति आस्था ने गहरा शोक प्रकट कर श्रद्घांजलि अर्पित की। संवेदना व्यक्त करते हुए समिति अध्यक्ष आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि वे साहित्य जगत में अमूल्य योगदान के लिए सदैव याद किए जाएंगे। पचास वर्षों के लेखन कार्य में उन्हें पचास से भी अधिक राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए। उनकी प्रमुख कृतियां लगभग जयहिंद, सब कुछ होना बचा रहेगा, अतिरिक्त नहीं, पचास कविताएं व कभी के बाद अभी आदि है। उन्हें वर्ष 2024 में अमेरिका का अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। समिति के सदस्यों एस चंद्रसेन, डॉ. साधना कसार, सरिता तिवारी, सुरेंद्र अग्निहोत्री, केआर चंद्राकर, एसआर बंजारे, टेकराम सेन, सुजाता विश्वनाथन व उत्तरा विदानी ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।



### खरोरा में माता तुलसी की जयंती मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में माता तुलसी की जयंती पर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान फुलेश्वरी चंद्राकर ने कहा कि हर साल 25 दिसम्बर को माता तुलसी की जयंती को पूजन दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिंदू धर्म में तुलसी को सबसे पवित्र पौधा माना गया है। तुलसी से जुड़ी अनेक कथाएं भी हमारे पुराणों में मिलती है। तुलसी का महत्व हम उसी बात से समझ सकते हैं कि बिना तुलसी के पत्तों के भगवान विष्णु और कृष्ण को भोग नहीं लगाया जाता। माता तुलसी की पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है।



### सती जन्म उत्सव की कथा सुनाई

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में आयोजित शिव महापुराण कथा में तीसरे दिन सती जन्म उत्सव कथा सुनाई गई। कथा वाचक पं. कमलेश दुबे ने कहा कि शिव की शांति से सारे संसार का पालन एवं कल्याण निहित है। प्रकृति एवं स्त्रियों का सम्मान करना चाहिए। कथा के चौथे दिन कथावाचक ने मानव धर्म में दया, विनय एवं सरल सहज का बखान किया। उन्होंने भोलेनाथ की असली भक्ति धर्म शास्त्रों में सभी जीवों की दयाभाव को धर्म का मूल बताया। आयोजक मीना शर्मा, सुनील शर्मा, उमा शर्मा व अनिल शर्मा हैं। उक्त जानकारी कृष्ण कुमार साहू ने दी है।

---

### अनदेखी : अवैध बिक्री स्थलों तक बेधड़क शराब पहुंचा रहे कोचिए

# पिथौरा क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री जोरों पर, विभागीय कार्रवाई शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

थाना क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री

- होटल एवं ढाबों में खुलेआम परोसी जा रही अंग्रेजी शराब







धड़ल्ले से फल-फूल रही है। नगर व आसपास के अवैध चखना दुकान, होटल एवं ढाबों में देशी व अंग्रेजी शराब खुलेआम परोसी जा रही है। पिथौरा स्थित देशी-विदेशी मदिरा दुकान से शराब कोचिए बोरी व झोले में भरकर ढाबों और अन्य ठिकानों तक सप्लाई कर रहे हैं। जानकारी अनुसार ये कोचिए प्रति पौवा 10 रुपए अतिरिक्त कमीशन लेकर अवैध बिक्री स्थलों तक शराब बेधड़क पहुंचा देते हैं।

गौरतलब है कि नियमों के अनुसार मदिरा दुकान से एक व्यक्ति दिनभर में 24 पौवा शराब ही खरीद सकता है, लेकिन यहां किसी प्रकार की सीमा का पालन नहीं हो रहा है। लोग बोरी भरकर शराब ले जाते नजर आ रहे हैं। ढाबा संचालकों ने शराब लाने-ले जाने के लिए अलग से लड़के तक रखे हुए हैं, जो नियमित रूप से मदिरा दुकान से ढाबों तक सप्लाई करते हैं। बताया जा रहा है कि यदि मदिरा दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की गंभीरता से जांच की जाए, तो शराब कोचियों की पहचान आसानी से हो सकती है, क्योंकि ये लोग प्रतिदिन झोले और बोरे में शराब लेने पहुंचते हैं। उल्लेखनीय है कि विगत वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कई बार थाना व आबकारी विभाग को ज्ञापन सौंपे हैं। बावजूद इसके कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति होती रही, जिससे सबसे अधिक परेशान महिला वर्ग है। इस संबंध में कंपोजिट मदिरा दुकान पिथौरा के सुपरवाइजर नारायण निषाद ने बताया कि नियमानुसार एक व्यक्ति को दिनभर में 24 क्वाटर शराब देने का प्रावधान है, लेकिन वे 20 क्वाटर तक ही शराब देते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि दुकान में सीसीटीवी कैमरे चालू अवस्था में हैं। वहीं आबकारी अधिकारी पिथौरा नीरज साहू ने कहा कि मदिरा दुकान से एक व्यक्ति को 24 पौवा शराब देने का नियम है और दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। ढाबों में अवैध शराब बिक्री की जानकारी मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

---

## जगदीशपुर में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जगदीशपुर स्थित बेतेल मेनोनाइट चर्च में क्रिसमस का पावन पर्व पूरे हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण के साथ मनाया गया। इस अवसर पर चर्च परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई। कार्यक्रम का संचालन डिकन अय्यूब दीप द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से आगे बढ़ाया। इस अवसर पर चर्च के स्थानीय पासवान रेव्ह. नवीन रनबीड़ा ने क्रिसमस पर्व पर उपदेश देते हुए प्रभु यीशु मसीह के जन्म का संदेश साझा किया।

कार्यक्रम के दौरान बाइबल वचन का पाठ यशु दास द्वारा किया गया, जिसमें बाइबल के लूका रचित सुसमाचार अध्याय 19 का 10वां पद पढ़ा गया। वहीं बाइबल वचन का पाठ के लिए श्रीमती चांदू द्वारा प्रार्थना किया गया। अपने उपदेश में रेव्ह. नवीन रनबीड़ा ने कहा कि इस संसार में प्रभु यशु मसीह के आने का उद्देश्य को बाइबल के वचनों से ले कर बताया।

इस अवसर पर युवाओं, जवान सभा एवं महिला सभा द्वारा क्रिसमस गीत प्रस्तुत किए गए। एवं बच्चों के आशीष एवं बस्तिस्मा दिलाया गया,कार्यक्रम के अंत में सामूहिक प्रार्थना की गई। इस आयोजन में मसीही समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीणजन एवं युवा उपस्थित रहे। पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण रहा।

---

## पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर पालिका में आयोजित छत्तीसगढ़ निर्माता, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मनाए जाने वाले सुशासन दिवस के कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया सम्मिलित हुई। वहीं घंटेश्वरी मंदिर के पास स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर सरला कोसरिया ने कहा कि आज 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन है। उनका नाम जेहन में आते ही उनके प्रति लोगों का मन श्रद्धा से भर जाता है। अटल राजनैतिक क्षेत्र में नैतिकता, शुचिता, गरिमा और मर्यादा के पक्षधर थे। जनसंघ से चुनकर संसद



पहुंचने वाले वे सबसे कम उम्र के युवा सांसद थे। अपनी प्रतिभा, शालीनता तथा वक्तृत्व शैली से उन्होंने संसद में अमिट छाप छोड़ी। अटल के जीवन की शुरुआत एक पत्रकार के रूप में हुई और कालांतर में लेखक, कवि एवं साहित्यकार के रूप में वे ख्याति अर्जित करते गए। जनसंघ के संस्थापक सदस्य, कई बार सांसद, विदेश मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा संसदीय दल के नेता, लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता, 3 बार देश के प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी सच्चे अर्थों में साधुमना जननेता थे। इतने बड़े-बड़े पदों को सुशोभित करने के बावजूद उन्होंने अहंकार को अपने पास भटकने नहीं दिया। पद का मद कभी उनके सिर पर सवार नहीं हो पाया। राजनीति की काजल-कोठरी में अटल पर एक भी दाग उनके सम्पूर्ण जीवन में नहीं लगा।

---

## बाबा का विचार आज भी समाज को जोड़ने और भेदभाव रहित व्यवस्था की देता है प्रेरणा : त्रिभुवन महिलांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम कुकराडीह-तेंदूवाही में गुरु घासीदास बाबा की 269वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष व समाज प्रमुख त्रिभुवन महिलांग थे। अतिथियों के ग्राम आगमन पर बाजे-गाजे व फूल मालाओं से मंच तक स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जैत खांभ में पालो चढ़ाकर व पूजा अर्चना कर किया गया। महिलांग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने "मनखे-मनखे एक समान" का अमर संदेश देकर पूरी मानवजाति को सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का मार्ग दिखाया। उनका विचार आज भी समाज को जोड़ने और भेदभाव रहित व्यवस्था की प्रेरणा देता है।उन्होंने आगे कहा कि साधु-संत-महापुरुष भले ही किसी जाति धर्म में जन्म ले सकते हैं। लेकिन, उनका उपदेश और संदेश संपूर्ण मानव समाज के लिए होता है। आज हम सबको हमारे संतों और महापुरुषों के बताए मार्गों का अनुसरण करना आवश्यक है। जिससे हम एक सशक्त विकसित संगठित समाज का निर्माण कर सकें। और सम्मान पूर्वक जीवन जी



सकें। महिलांग ने कहा कि आज ग्रामों में मानव-मानव एक समान की झलक जयंती कार्यक्रमों में देखने को मिल रही है। जहां सर्व समाज के लोग एक साथ गांवों में मिलकर जयंती पर्व बड़े उत्साह के साथ मना रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि गुरु घासीदास बाबा का जन्म ऐसे समय हुआ जब समाज में छुआछूत, भेदभाव, अंधविश्वास, आर्थिक, सामाजिक, विषमता व्याप्त था। उन्होंने समाज में मानवता का संदेश देते हुए सामाजिक समरसता का संदेश दिया। और मनखे-मनखे एक समान, सभी मानव हम सब बराबर हैं का संदेश दिया। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य अमर चंद्राकर, दिलीप मनहरे व सुशील बघेल (भीम आर्मी), सरपंच मिथलेश्वरी जोगी, भारत जोगी व उप सरपंच चन्द्रकुमार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बुधु मारकंडे, गौतम, नीलकंठ बंजारे, बेदराम बांधे, हरिचंद पात्रे, महेन्द्र बांधे, क्रांति योगी, इसु बघेल, रंजीत बघेल, शंकर भारती, परमानंद बंजारे, लक्ष्मण, कन्हैया साहू, डेरहू साहू, आकाश बांधे, तुलेश बंजारे, कुंवर लाल सोनवानी, कुमार डहरिया, लोकनाथ कुर्रे, देवाल दास व सर्व सतनामी समाज कुकराडीह-तेंदूवाही सहित आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

---

## नपाध्यक्ष ने किया भोरिंग में क्रिकेट का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम भोरिंग में मुस्कान क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामीणों के तत्वावधान में 5 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ 24 दिसंबर को मुख्य अतिथि महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा किया गया। साहू ने बल्लेबाजी कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से युवाओं मे खेल के प्रति रुचि बढ़ती है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र से प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल को केवल खेल भावना से खेलने की बात कही। इस अवसर पर उपसरपंच भोरिंग भेखराम साहू, खैरझिटी सरपंच रामेश्वरी साहू, अछोला सरपंच संतोष साहू, राजेश साहू पूर्व जनपद सदस्य, ललित साहू, पंच वेदप्रकाश साहू, अभिषेक नेहरू, शिशुपाल बर्मन, कुंदन साहू, पुष्पेंद्र साहू, ओंकार साहू, मानिक, देवेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, आयोजन समिति के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

---

## दिव्यांग महेश का आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम पंडरीखार निवासी महेश राम टंडन 45 वर्ष की आयु में 80 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग हैं। दिव्यांगता के कारण उन्हें कहीं भी नियमित काम नहीं मिल पा रहा था, जिससे परिवार के भरण-पोषण में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। सीमित साधनों और आवागमन की समस्या के कारण उनकी आजीविका के विकल्प भी बहुत कम थे।

महेश राम टंडने बताते है कि ऐसे समय में समाज कल्याण विभाग द्वारा उन्हें मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान की गई। यह साधन उनके जीवन में बदलाव का माध्यम बना। मोटराइज्ड



ट्रायसायकल मिलने के बाद उनके लिए आने-जाने की समस्या काफी हद तक समाप्त हो गई। अब वे आसानी से बाजार जाकर किराना सामान ला सकते हैं और अपने घर पर ही छोटी दुकान के रूप में बिक्री करने लगे हैं। इससे उनकी आमदनी में निरंतर वृद्धि हुई है। नियमित आय होने से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ा है। आज महेश राम टंडन अपने परिवार का भरण-पोषण सम्मानपूर्वक कर रहे हैं और आत्मनिर्भर नागरिक के रूप में पहचान बना चुके हैं। इस सहायता ने उन्हें नई दिशा दी है और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ाया है। इसके लिए उन्होंने राज्य शासन एवं जिला प्रशासन तथा समाज कल्याण विभाग का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

---

## भाजपा के सुशासन की सरकार में धधक रहा छत्तीसगढ़ : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



- प्रदेश में कानून व्यवस्था बदहाल, अपराध का गढ़ बन गया

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा के कथित सुशासन की सरकार में आज छत्तीसगढ़ धधक रहा है। छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। पिछले 2 साल के कार्यकाल में ही भाजपा ने राज्य को पूरी तरह उद्योगपतियों के हवाले कर दिया है। स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, जिससे युवा वर्ग हताश व निराश होकर अपराध की ओर बढ़ रहे हैं। प्रदेश में नशे का अवैध कारोबार चरम पर है। राजधानी में ड्रग्स माफिया सक्रिय हो गए हैं। धर्मांतरण के नाम प्रदेश जल रहा है, हिंसक प्रदर्शन, तोड़फोड़ जैसी घटनाएं हो रही है, और इन घटनाओं पर अंकुश लगा पाने में साय सरकार पूरी तरह विफल साबित हो हुई है। छत्तीसगढ़ पूरी तरह अपराध का गढ़ बनकर रह गया है। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों को अपने ही अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। पढ़ाई से लेकर नौकरी तक छत्तीसगढ़ियों के हक पर डाका डाला जा रहा है। मेडिकल कॉलेजों में पहले से ही अखिल भारतीय कोटा के तहत सीटे आरक्षित रहती है। लेकिन, अब राज्य के आरक्षित कोटे में कटौती कर आउट सोर्सिंग के माध्यम से एमबीबीएस सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा, जो स्थानीय युवाओं के अधिकारों का हनन है। चंद्राकर ने कहा कि आज हर क्षेत्र में भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ियों के हक व अधिकार छीनकर बाहरी लोगों को लाभ पहुंचा रही है।

---

## यादव ठेठवार समाज की बैठक में पदाधिकारियों का हुआ चयन



**महासमुंद।** नगर यादव (ठेठवार) समाज की बैठक सामाजिक भवन पिटियाझर में हुई। जिसमें सर्वसहमति से यादव समाज महासमुंद नगर के नवनियुक्ति पदाधिकारी का चयन किया गया है। इसमें अध्यक्ष प्रकाश यादव, उपाध्यक्ष माखन लाल यादव, कोषाध्यक्ष रामप्रसाद यादव, सचिव दीपक यादव, सहसचिव नमन यादव शामिल है। इसी तरह युवा प्रकोष्ठ पदाधिकारियों में अध्यक्ष मनोज यादव, उपाध्यक्ष दुर्गेश यादव, कोषाध्यक्ष लव यादव, सचिव रोशन यादव, सहसचिव मयंक यादव शामिल है।

---



### नवागांव कला में हुई क्रिकेट प्रतियोगिता

**महासमुंद।** खल्लारी विधानसभा अंतर्गत ग्राम नवागांव कला (भुरकोनी) में आयोजित क्रिकेट फाइनल मैच उत्साह, खेल भावना और जनभागीदारी के साथ सफलतापूर्वक हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर रहे। अध्यक्षता सरपंच सेत कुमारी देवनारायण चक्रधारी ने की। विशेष अतिथि ग्राम अध्यक्ष गेंदराम पटेल, पंचायत सचिव कलेश महेश्वरी, आत्मा राम ठाकुर, उपसरपंच डॉ. ललित यादव, ग्राम प्रमुख टीकेराम सिन्हा, डंकराम यादव, दियादराम पटेल, मोरध्वज सिन्हा रहे। फाइनल मुकाबले में प्रथम फिरंगी, द्वितीय बगारपाली रहे। विजेता एवं उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

---

## 29 से तीन दिवसीय कर्मचारी-अधिकारियों का जंगी प्रदर्शन

**महासमुंद।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर मोदी की गारंटी लागू करो के तहत कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन द्वारा महंगाई भत्ता सहित अन्य 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 29, 30 एवं 31 दिसंबर को निश्चितकालीन आंदोलन का ऐलान किया गया है। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन ने बताया कि मोदी की गारंटी में कर्मचारी अधिकारियों के लिए बहुत सारी घोषणाएं की गई थी, लेकिन आज कर्मचारियों को महंगाई भत्ता जैसे मूलभूत अधिकार के लिए सड़क पर उतरना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि तत्संबंध में जुलाई में आंदोलन के प्रथम चरण में सभी जिला मुख्यालयों में ज्ञापन सौंपा गया। दूसरे चरण में 22 अगस्त को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। अन्य तीसरे चरण में डीए सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान, लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगति दूर करते हुए पिंगुवा कमेटी सार्वजनिकीकरण, सहायक शिक्षकों एवं पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतन, समयबद्घ पदोन्नति, अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिन किया जाए, दैनिक अनियमित एवं संविदा कर्मचारियों को



नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। फेडरेशन के महामंत्री दिलीप तिवारी ने कहा कि शासन द्वारा लगातार कर्मचारियों के साथ वादा खिलाफी के लिए यह निर्णायक लड़ाई है। अतः सभी कर्मचारी अधिकारी एकजुटता के साथ अवकाश आवेदन प्रस्तुत कर फेडरेशन की आंदोलन में सहभागी बने। पदाधिकारियों का लगातार कार्यालय संपर्क जारी है। कर्मचारियों के मन में शासन के प्रति घोर आक्रोश व्याप्त हो चुका है। तत्संबंध में रणनीति के लिए बैठकों का दौर भी जारी है। सभी कर्मचारी संगठनों का अपार समर्थन प्राप्त हो रहा है एवं आंदोलन की रणनीति बनाई जा रही है। 29, 30 एवं 31 दिसंबर आंदोलन के लिए कर्मचारी नेता प्रमोद तिवारी, उमेश भारती गोस्वामी, अशोक गिरि गोस्वामी, डॉ. रामकुमार चंद्राकर, कमलेश ध्रुव, एसपी ध्रुव, शिव कुमार साहू, अरुण कुमार प्रधान, मनीष ठाकुर, सिराज बक्श, राकेश थवाईत, दीपक तिवारी, ओमनारायण शर्मा, ईश्वर चंद्राकर, राजेश शर्मा, कमल यादव, उमेश साहू, मिलाप यादव, संदीप तिवारी, रामनारायण चंद्राकर, चिन्ताराम साहू, अविनाश लाल, हेमेंद्र आचार्य, विष्णु यादव, दिनेश प्रधान सहित कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन, महामंत्री दिलीप तिवारी ने कर्मचारियों से अपील की है कि संगठन शक्ति का परिचय देते हुए सरकार के वादा खिलाफी के लिए आवाज बुलंद करें। उक्त जानकारी कर्मचारी नेता संदीप तिवारी एवं दीपक तिवारी ने दी है।